ICDRI का छठा सम्मेलन

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने **छठे अंतर्राष्ट्रीय** आपदा रोधी अवसंरचना सम्मेलन **(International Conference on Disaster Resilient Infrastructure- ICDRI)** को संबोधित किया।

- ICDRI सदस्य देशों, संगठनों और संस्थानों के साथ साझेदारी में आपदा रोधी अवसंरचना के लिये गठबंधन (CDRI) **का वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** है।
  - इसका उद्देश्य जलवायु और आपदा जोखिमों के प्रति अवसंरचना प्रणालियों के लचीलेपन में वृद्धि करना है, जिससे **सतत् विकास** सुनिश्चित हो सके।
- CDRI की शुरुआत वर्ष **2019 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन** के दौरान की गई थी। **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)** के बाद यह भारत की दूसरी प्रमुख वैश्विक पहल है।
  - **CDRI का सचिवालय नई दिल्ली, भारत** में स्थित है।
- **CDRI की पहल:**
  - **इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर रेज़िलिएंट आइलैंड स्टेट्स (IRIS):** इस पहल की शुरुआत भारत ने की और यह छोटे द्वीपीय विकासशील देशों (SIDS) में पायलट परियोजनाओं के साथ क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करता है।
  - **इन्फ्रास्ट्रक्चर रेज़िलिएंस एक्सेलरेटर फंड:** यह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) और **आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNDRR)** दोनों द्वारा समर्थित एक कोष है।
- कुछ अन्य **CDRI कार्यक्रमों में डोमिनिका में अनुकूल आवास, पापुआ न्यू गिनी में अनुकूल परिवहन नेटवर्क** और डोमिनिकन गणराज्य और फिजी में उन्नत पूर्व चेतावनी प्रणाली हैं।

और पढ़ें: भारत ने CDRI के साथ मुख्यालय समझौते के अनुसमर्थन को मंज़ूरी दी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6th-conference-of-the-icdri